RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 09 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 49 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुस्लिम संगठनों ने CM एकनाथ शिंदे से की मांग...

**MSUSA के बजट को बढ़ाएं, खाली पद भरे जाएं...**



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में मुस्लिम संगठनों ने गुरुवार को राज्य उर्दू साहित्य अकादमी के वार्षिक बजट में बढ़ोतरी करने और रिक्त पदों को भरने की मांग की. मोहसिन अहमद, समीउद्दीन अतहर, ए.ए. इरफान, टी.ए. खान, रफीउद्दीन नसीर, सलीम मोहिउद्दीन, यूसुफ दीवान, शाहीन फातिमा, ए.ए. खान, मुहम्मद यासिर, सैयद मुजफ्फर और एस.ए. कुद्दुस ने कलेक्टर से मुलाकात की और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भेजने के अनुरोध के साथ एक ज्ञापन सौंपा.

**एमएसयूएसए का बजट बढ़ाने और रिक्त पदों को भरने की मांग**

अहमद ने कहा कि वर्तमान में टरवरअ को केवल 1.31 करोड़ रुपये का फंड मिलता है और ज्ञापन में मांग की गई है कि इसे कम से कम 5 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जाय. इसके अलावा, एमएसयूएसए में वर्तमान में छह रिक्त पद हैं और केवल एक ही सुपरिंटेंडेंट पूरा कामकाज देख रहे हैं जिससे गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं, प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से सभी रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने का आग्रह किया है. राज्य के अल्पसंख्यक विभाग के तहत आने वाला एमएसयूएसए उर्दू भाषा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सार्वजनिक गतिविधियों में संगोष्ठियों और साहित्यिक बैठकों के जरिए मुशायरों और नाटक उत्सवों का आयोजन करता है.

## महाराष्ट्र राज्य उर्दू साहित्य अकादमी के उद्देश्य :

. राज्य और जिला स्तर पर उर्दू के सेमिनार का आयोजन करना.
. वाद:माईन कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उर्दू स्कूलों और कॉलेजों को अनुदान देना.
. उर्दू पुस्तकालयों को पत्रिकाओं और पुस्कतों के रूप में सहायता अनुदान देना, जहां उर्दू भाषा में किताबें रखी जाती हैं.
. उर्दू के नाटक और मुशायरों का आयोजन कराना.
. उर्दू के लेखकों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें पुरस्कार देना.
. उर्दू पुस्तकों को मराठी-उर्दू अनुवाद में प्रकाशित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना.
. उर्दू की किताबों को पुरस्कृत करना.
. उर्दू सीखने वालों के लिए उर्दू की कक्षाओं का आयोजन करना.

# कचरे को लेकर पहले दिन आई 191 शिकायत
# मनपा ने 119 जगहों का उठाया कचरा



**मुंबई :** शहर को बदरूप करने वाले कचरे और डेबरीज को हटाने के लिए मनपा ने बुधवार को 8169681697 नंबर का उपलब्ध कराया। मनपा प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई इस सुविधा पर पहले दिन 191 लोगो ने शहर में जगह जाग कचरे पड़े होने की शिकायत की।मनपा प्रशासन ने लोगो की शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए 119 जगहों का कचरा और डेब्रिज हटाने का काम किया।मनपा अधिकारियो ने जानकारी दी कि लोगो को इस व्हाटशॉप नंबर पर सिर्फ कचरे और डेब्रिज की शिकायत करने के लिए कहा गया है लेकिन लोग अवैध निर्माण सहित कई अन्य प्रकार की भी शिकायत कर रहे है। बता दे कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई में जगह जगह कचरा पड़े होने से मुंबई जैसे अंतर्राष्ट्रीय शहर में गंदगी होना ठीक नही लगता। मुख्यमंत्री ने कचरे की समस्या का निपटारा करने के लिए मनपा आयुक्त को इसमें लोगो को सहभागी करने की सलाह दी थी।उन्होंने लोगो की शिकायत करने के लिए एक व्हाटशॉप नंबर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। मनपा प्रशासन ने बुधवार को 8169681697 नंबर का व्हाटशॉप नंबर उपलब्ध कराया गया। मनपा प्रशासन की ओर से कहा गया की कचरे को लेकर लोगो की शिकायत आने के 8 घंटे के भीतर उस जगह से कचरा हटाया जाएगा और इसकी जानकारी शिकायत कर्ता को दी जाएगी।बुधवार को व्हाटशॉप नंबर की शुरूआत होने के बाद गुरुवार की शाम 6 बजे तक मनपा को कुल 191 जगहों पर कचरा पड़े होने की शिकायत मिली। मनपा प्रशासन की ओर से 119 शिकायतो का निपटारा किया। मनपा अधिकारियो ने जानकारी दी कि व्हाटशॉप नंबर पर सिर्फ कचरे और डेब्रिज की शिकायत करने के लिए लोगो को कहा गया है लेकिन लोग अवैध निर्माण से लेकर अन्य तरह की शिकायत कर रहे है।मनपा इस व्हाटशॉप नंबर पर इस तरह का प्रतिबंध लाएगी कि लोग सिर्फ कचरे की ही शिकायत कर

## महाराष्ट्र के तालिये में भूस्खलन प्रभावितों के लिए बनाये जा रहे हैं 271 मकान

**अलीबाग :** महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के तालिये गांव में भूस्खलन प्रभावितों के पुनर्वास के तहत 271 मकान प्रशासन द्वारा बनाये जा रहे हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जुलाई 2021 में भारी वर्षा के बाद एक पहाड़ी का ऊपरी हिस्सा ढहकर गिर गया था और उसके मलबे के नीचे दबकर 87 लोगों की मौत हो गयी थी । रायगढ़ के जिलाधिकारी योगेश म्हासे ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कुल 271 में से 66 मकानों का निर्माण पूरा हो चुका है जबकि अन्य 38 मकान इस साल दिवाली तक बनकर तैयार हो जाएंगे। उन्होंने कहा, '' महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की मदद से महाद तालुका के तालिये गांव में 271 मकान बनाये जा रहे हैं। हर परिवार को 623 वर्गफुट का घर मिलेगा। ये मकान भूकंपरोधी होंगे।''

## पर आफताब आ गया याद
# हैवान...!
## लिव-इन पार्टनर के टुकड़े कर मिक्सी में पीसा...
## दिल्ली में श्रद्धा वाकर की भी हत्या इसी तर्ज पर हुई थी



**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई हैं। एक व्यक्ति ने अपनी 32 साल की लिव इन पार्टनर की हत्या कर दी। आरोपी ने हत्या बाद ना सिर्फ शव के टुकड़े-टुकड़े किए बल्कि उसे कुकर में उबाला, मिक्सी में पीस दिया। इसके बाद उसने उसे गटर में बहा दिया। इस घटना से दिल्ली का श्रद्धा वालकर हत्याकांड की यादें ताजा हो गई हैं। मामले में आफताब पूनावाला ने अपनी गर्लफ्रेंड श्रद्धा वालकर की निर्ममता से हत्या कर शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए थे। हत्या के बाद उसने शव के टुकड़ों को फ्रिज में रखा था। इसके बाद एक-एक कर शव के टुकड़ों को जंगल में फेंक दिया था।

### पेड़ काटने वाले कटर से किए टुकड़े-टुकड़े

मुंबई से सटे मीरा रोड में 56 साल के व्यक्ति ने उसके साथ लिव-इन में रह रही 32 साल की महिला सरस्वती वैद्य की हत्या कर दी। मीरा रोड पर एक घर से बदबू की सूचना मिलने पर देखा तो वहां महिला का शव मिला। जांच में पता चला कि मनोज और सरस्वती यहां लिव-इन में रहते थे। मनोज ने पेड़ काटने का कटर खरीदा था। इस कटर से ही उसने महिला के शरीर के कई टुकड़े किए। इसके बाद उन टुकड़ों को कुकर में उबाल कर प्लास्टिक के बैग में भर देता था। इसके बाद उसे गटर में बहा देता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### ठाणे की अदालत ने आरोपी मनोज साने को 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेजा, लिव-इन पार्टनर हत्या का मामला

**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के एक फ्लैट से एक महिला का शव बरामद होने के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक अदालत ने आरोपी व्यक्ति को 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ठाणे के मीरा भायंदर इलाके में एक इमारत के सातवें तल पर एक फ्लैट में 36 वर्षीय एक महिला का शव बरामद हुआ था जिसके कई टुकड़े किए गए थे। उन्होंने बताया कि पीड़िता सरस्वती वैद्य मनोज साने (56) नामक व्यक्ति के साथ ह्यलिव-इनमें रहती थी। उसने बताया कि ये दोनों पिछले तीन साल से इस फ्लैट में रह रहे थे।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### लोकतंत्र की साख व धाक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से ठीक पहले व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी की वह टिप्पणी गौर करने लायक है, जिसमें भारत को एक जीवंत लोकतंत्र बताया गया था। इतना ही नहीं, राष्ट्रपति भवन के इस अधिकारी जॉन किर्बी ने यहां तक कहा कि जिसको भारतीय लोकतंत्र की साख पर विश्वास न हो वह दिल्ली घूमकर कथन की प्रमाणिकता जान ले। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि कारोबार को अपनी तमाम नीतियों के केंद्र में रखने वाले अमेरिका के हर बयान के गहरे निहितार्थ होते हैं। लोकतंत्र–लोकतंत्र के खेल के जरिये दुनिया की तमाम सरकारों को बनाने और बिगाड़ने के उपक्रम में वह दशकों तक एक पक्ष रहा है। अमेरिका के बारे में अकसर कहा भी जाता है कि अमेरिका की सारी नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ जब अमेरिकी विदेश मंत्रालय की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट में भारत में अल्पसंख्यकों की दशा को लेकर सवाल खड़े किये गये थे। अमेरिका की कई अन्य संस्थाएं भी गाहे–बगाहे ऐसे सवाल खड़ी करती रही हैं। जाहिर है अमेरिका चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले माहौल बनाया जाये ताकि बड़े रक्षा सौदों को अंतिम रूप देने में कोई पुरानी कसक बाधक न बने। वैसे भारत को लोकतंत्र की जीवंतता को लेकर किसी अमेरिकी सर्टीफिकेट की आवश्यकता नहीं है। आजादी का अमृतकाल मनाते देश में आजादी के बाद भले ही एक दल या कई दलों की सरकारें बनी हों, वामपंथ या दक्षिणपंथ के रुझान की सरकारें बनी हों, हर बार सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्वक ही हुआ है। आज भी स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा बनाया गया संविधान हमारा मार्गदर्शक है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपनी जीवंतता से पूरी दुनिया के लोकतांत्रिक देशों का मार्गदर्शन कर रहा है। निस्संदेह, राजनीतिक विद्रूपताओं व जीवन मूल्यों की गिरावट से कुछ विसंगतियां सामने आई हैं, लेकिन सदियों तक साम्राज्यवादी ताकतों के दोहन से उपजी अथाह गरीबी व एक बड़ी आबादी भी इसके मूल में रही हैं।

यह एक संयोग ही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा ऐसे समय पर हो रही जब कुछ दिन पहले तक विपक्षी कांग्रेसी नेता राहुल गांधी मोदी सरकार की रीति–नीतियों को लेकर अमेरिका में तमाम सवाल खड़े करते रहे हैं। अच्छा तो यह माना जाता है कि देश में सत्तापक्ष से विपक्ष के कितने भी मतभेद हों, विदेश की धरती पर भारतीय लोकतंत्र की छवि को लेकर कोई आंच नहीं आनी चाहिए। बहरहाल, जीवंत भारतीय लोकतंत्र की खूबियां दुनिया को खुद–ब–खुद आकर्षित करती रही हैं। जिसके मूल में भारतीय लोकतंत्र की मजबूत साख ही है। वैसे अमेरिका के मौजूदा रुख में आये बदलाव के मूल में तेजी से बदलते वैश्विक सामरिक समीकरण भी हैं। जिसके संतुलन के लिये अमेरिका को भारत जैसे बड़े देश के साथ की जरूरत है। खासकर साम्राज्यवादी चीन की विस्तारवादी नीतियों पर अंकुश लगाने के लिये। पिछले कुछ वर्षों में चीन एलएसी पर भारत के लिये जैसी चुनौतियां पैदा करता रहा है उसका मुकाबला भी अमेरिका जैसी विश्व शक्ति के सहयोग से संभव है। बहरहाल, भारत के लिये यह गौरव की बात है कि 21 से 24 जून तक चलने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा रक्षा सौदों के अलावा भी कई मायनों में महत्वपूर्ण है। अमेरिकी सांसदों के बुलावे पर अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी वे संबोधित करेंगे। निस्संदेह, मौजूदा हालात में अमेरिका चीन के मुकाबले के लिये भारत को एक रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है। हाल ही में भारत व अमेरिका ने रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिये एक रोडमैप को अंतिम रूप दिया है। इससे जहां अमेरिका के सामरिक व कारोबारी हित पूरे होते हैं, वहीं आधुनिक व उन्नत तकनीक के साथ भारत के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को बल मिलता है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# भाजपा ने की लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रमुख की घोषणा...

## चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार को जिताने के लिए प्रमुख करेंगे काम



### भाजपा -शिवसेना मिलकर लड़ेंगे सभी चुनाव -बावनकुले

**मुंबई :** साल 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव की भाजपा जोर शोर से तैयारी में जुट गई है. इसी के तहत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने प्रदेश के 48 लोकसभा और 288 विधानसभा में चुनाव प्रमुख की नियुक्ति की है. गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार परिषद को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने नियुक्ति की जानकारी दी.बावनकुले ने कहा कि यह नियुक्ति आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए की गई है.पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों को यह इसलिए जवाबदारी दी गई है.जो लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार को जिताने के लिए काम करेंगे। बावनकुले ने कहा कि पार्टी ने प्रदेश के 48 में से 45 और 288 विधानसभा क्षेत्र में से 200 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा है.जिसके लिए लोकसभा और विधानसभा प्रमुखों की नियुक्ति की गई है बावनकुले ने कहा कि भाजपा द्वारा नियुक्त किये गये चुनाव प्रमुख भाजपा के साथ-साथ शिवसेना के उम्मीदवारों को भी मदद करेंगे। आगामी सभी चुनाव भाजपा और शिवसेना मिलकर में लड़ने वाले हैं इसलिए हमारे चुनाव प्रमुख शिवसेना के लिए भी काम करेंगे।

# बजरंग बली से नहीं मिली मदद, ...अब महाराष्ट्र में औरंगजेब ले आए, राउत का बीजेपी पर निशाना



**मुंबईः** उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने कोल्हापुर जिले में हुई हिंसा के मुद्दे पर महाराष्ट्र सरकार को जमकर घेरा है। संजय राउत ने कहा कि कोल्हापुर हिंसा में स्थानीय लोगों का हाथ नहीं है। इसके लिए बाहर से लोग लाये गए थे। राउत यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार इंटेलिजेंस (सूचनाओं) की कमी है तो हमसे संपर्क करें। हम उन्हें जानकारी मुहैया करायेंगे। आखिर आपकी सरकार आने के बाद ऐसा क्यों हो रहा है? किसी एक व्यक्ति की फोटो लहराने के बाद आपका हिंदुत्व खतरे में आ जाता है। औरंगजेब को दफनाए हुए महाराष्ट्र में चार सौ साल बीत गए हैं। चार सौ साल बीतने के बाद भी चुनाव जीतने के लिए आपको औरंगजेब लगता है। इसकी वजह यह है कि कर्नाटक में बजरंग बली ने आपकी कोई मदद नहीं की। इसलिए आपको यहां औरंगजेब की जरूरत है।

चुनाव जीतने के लिए आपको अफजल खान, बहादुर शाह जफर चाहिए, टीपू सुलतान चाहिये। आखिर किस तरह की राजनीति आप लोग महाराष्ट्र में करने जा रहे हैं। आपके आसपास के लोग ही दंगे करने वाले हैं। सबसे पहले आप उनको कंट्रोल करिए। सही मायने में राज्य की जनता के लिए कुछ करना चाहते हैं तो यह दंगे रुकवाइये। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि कुछ नेताओं की ओर से राज्य में दंगे जैसे हालात संबंधी बयान तथा किसी खास समुदाय के एक वर्ग द्वारा औरंगजेब तथा टीपू सुल्तान को महिमामंडित किए जाने की घटना महज इत्तेफाक नहीं हो सकती। उप मुख्यमंत्री ने नवी मुंबई में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुगल शासक औरंगजेब को महिमामंडित करने के कृत्य को महाराष्ट्र में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच करके यह पता लगाया जाएगा कि युवाओं के एक वर्ग को कौन उकसा रहा है। फडणवीस औरंगजेब की तस्वीर अहमदनगर में एक जुलूस के दौरान लहराए जाने की घटना तथा कोल्हापुर में कुछ स्थानीय लोगों द्वारा कथित तौर पर टीपू सुल्तान की तस्वीर तथा आपत्तिजनक ऑडियो संदेश सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की घटना की पृष्ठभूमि में बात कर रहे थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य के कुछ इलाकों में दंगे जैसे हालात पैदा हो रहे है क्योंकि एक खास समुदाय के लोग औरंगजेब को महिमामंडित कर रहे हैं। फडणवीस ने कहा, ‘ कुछ नेता कह रहे थे कि राज्य में दंगे जैसे हालात बन सकते हैं। इन नेताओं की टिप्पणियों की प्रतिक्रिया में खास समुदाय के युवाओं ने औरंगजेब की तस्वीरें लहराईं।

## महाराष्ट्र के ठाणे में दर्दनाक हादसा, 10 साल की बच्ची पर चढ़ा ट्रक, मौत



**ठाणे :** ठाणे में बुधवार को दर्दनाक घटना सामने आई है, यहां एक 10 साल की बच्ची के ऊपर ट्रक चढ़ गया। जानकारी के अनुसार यह घटना शिल्फटा सर्किल के पास हुई है। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार हादसे के बाद मौके से ड्राईवर फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया और इसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी। लोगों से जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार यह हादसा 7 जून को रात करीब 8.30 बजे शिलफाटा सर्कल के पास हुआ। तेज रफ्तार ट्रक जब यहां से गुजर रहा था तो इस दौरान बच्ची रोड क्रॉस कर रही थी, तभी यहां से गुजर रहे ट्रक ने बच्ची को कुचल दिया, जिसकी वह से उसकी मौत हो गई।




# चोरों ने दिखायी दरियादिली, पहले की चोरी फिर लौटा गए 9 तोले के सोने का आभूषण



**पालघर :** केलवा इलाके में चोरी की एक दिलचस्प घटना सामने आई है। यहां पहले तो चोर ने एक घर से सोने के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया, लेकिन बाद में पुलिस की भावुक अपील पर चोर का सिर्फ दिल ही नही पसीजा,बल्कि वह काफी इमोशनल हो गया और पीड़ित का एक-एक सामान लौटा दिया। केलवा के मांगेलवाड़ा इलाके के एक घर में 31 मई की देर रात अज्ञात चोर घर में घुसा और करीब 9 तोला सोने के आभूषण लेकर फरार हो गया। मामले की शिकायत एपीआई भीमसेन गायकवाड़ ने गांव में पहुंचकर लोगों के साथ जनसंवाद अभियान के तहत एक बैठक की और उन्हें बताया कि आप सभी की महान संस्कृति अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का एक स्त्रोत है। जिसने भी यह अपराध किया है,वह चोरी का माल लौटाकर अपना कलंक धूल सकता है। पुलिस की भावुक अपील का चोर पर इतना असर पड़ा कि वह 6 जून को चोरी किया गया आभूषण गांव के ही विश्वनाथ तांडेल के घर के सामने रख कर चला गया। इसके बाद से ही पुलिस की अपील और चोर की दरियादिली लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# वीवीसीएमसी अंतर्गत 200 खतरनाक और 53 अतिखतरनाक बिल्डिंगों पर लगेंगे साइनबोड

## वसई विरार मनपा आयुक्त ने दिया आदेश



**वसई :** वसई-विरार शहर महानगरपालिका अंतर्गत कई इमारतें बहुत अतिखतरनाक और खतरनाक स्थिति में हैं। इन इमारतों पर महानगर पालिका की तरफ से फिलहाल कार्रवाई सत्र चल रहा है। लेकिन दूसरी तरफ विविसीएमसी आयुक्त ने हाल ही में कार्रवाई के साथ ही इन इमारतों के बाहर बेहद खतरनाक या खतरनाक बताते हुए साइनबोर्ड लगाने का आदेश दिया है। वर्तमान में वसई-विरार शहर महानगरपालिका सीमा में 53 इमारतों को बेहद अतिखतरनाक घोषित किया गया है । वही खतरनाक इमारतों की संख्या भी करीब 200 है।निवासियों को दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ऐसी इमारतों का सर्वेक्षण करने के बाद हर साल उच्च जोखिम वाले इमारतों की एक सूची तैयार की जाती है। ऐसी इमारतों को मुख्य रूप से मानसून के दौरान खतरा होता है। इन 53 इमारतों के गिरने से होने वाले हादसों को रोकने के लिए महानगर पालिका ने इन 53 इमारतों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इनमें से कुछ इमारतों पर कोर्ट स्टे है। कुछ इमारत घनी आबादी वाले क्षेत्रों में हैं, इसलिए आसपास के क्षेत्र के निवासी इमारतों को गिराए जाने के खिलाफ हैं।\ कुछ बिल्डिंगों में अभी भी नागरिकों रहते हैं। महानगर पालिका की तरफ से जो बिल्डिंग पर रोक लगी है उन बिल्डिंग पर लगी रोक हटाने का प्रयास मनपा द्वारा किया जा रहा है। सड़क के पास जो इमारतों को जमीन पर धराशायी किया जा रहा है।साथ ही अतिखतरनाक इमारतों को गिराने के अलावा मनपा के पास कोई विकल्प नहीं है। खतरनाक इमारतों के पास उचित महानगरपालिका परमिट और विनियमों के अनुसार संरचनात्मक ऑडिट और मरम्मत से गुजरने का विकल्प होता है। लेकिन खतरनाक होने के कारण महानगर पालिका द्वारा इन इमारतों को नोटिस भी जारी किया जा रहा है। इन नोटिसों को जारी करने के साथ ही विविसीएमसी आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया है कि खतरनाक और अत्यधिक खतरनाक इमारत के बाहर बोर्ड लगा दिया जाए कि उक्त इमारत खतरनाक है। इससे नागरिकों को संबंधित इमारत के खतरे के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# कोल्हापुर हिंसा: महाराष्ट्र के मंत्री ने स्थानीय सामाजिक संगठनों एवं अन्य के साथ की बैठक

**पुणे :** महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसरकर ने कोल्हापुर में टीपू सुल्तान की तस्वीर के साथ कथित आपत्तिजनक ऑडियो संदेश सोशल मीडिया पर 'स्टेटस' के तौर पर लगाने की घटना के खिलाफ प्रदर्शन और उससे उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर कई सामाजिक संगठनों के साथ बैठक की। स्कूली शिक्षा मंत्री एवं कोल्हापुर के प्रभारी मंत्री केसरकर ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की भी अपील की। केसरकर की ओर से बुधवार को बुलाई गई बैठक में नागरिक समाज से जुड़े कई समूहों के सदस्य भी मौजूद थे। बैठक के बाद मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, '' बैठक के दौरान हमने संकल्प किया कि हम छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति शाहूजी महाराज के दिखाए मार्ग पर चलेंगे। बैठक काफी सकरात्मक रही और यह पूरे राज्य को दिशा दिखाएगी।'' यह पूछे जाने पर कि कोल्हापुर के शिवाजी चौक पर जो दंगे हुए उनकी पहले से साजिश रची गई थी, क्योंकि एकाएक बड़ी संख्या में पत्थर फेंके गए थे।

# विरार में दीवार गिरने से तीन लोगों की मौत मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दज




**वसई :** विरार में मंगलवार को दीवार गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई,जबकि एक जख्मी हो गया था,इस मामले में विरार थाने में विकासक ,मजदूर ठेकेदार व आर्किटेक तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इनमें से दो लोगो को बुधवार सुबह गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि तीसरे आरोपी की तलाश की जारी है। मिली जानकारी के अनुसार,विरार ईस्ट मनवेल पाड़ा रोड पर सूर्य किरण को.ऑप.हाउसिंग सोसाइटी का काम चालू है। इसके लिए बिल्डिंग की नींव के लिए गड्ढा खोदा गया। गड्ढा करीब 30 फीट गहरा और करीब 200 फीट लंबा था। इस गड्ढे में मिट्टी और मिट्टी न घुसे इसके लिए चारों तरफ से गड्ढे में दीवारें बनाई जा रही है। दीवार गिरने से लक्ष्मीबाई गव्हाणे (38), राधाबाई नवघरे (43) और सलूबाई सुले नामक 3 महिला मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नंदाबाई अशोक गव्हाणे,एक महिला मजदूर घायल हो गई।

# महाराष्ट्र में दंगे जैसे हालात वाले बयान पर देवेंद्र फडणवीस बोले- ये महज इत्तेफाक नहीं



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि कुछ नेताओं की ओर से राज्य में दंगे जैसे हालात संबंधी बयान तथा किसी खास समुदाय के एक वर्ग द्वारा औरंगजेब तथा टीपू सुल्तान को महिमामंडित किए जाने की घटना महज इत्तेफाक नहीं हो सकती. उप मुख्यमंत्री ने नवी मुंबई में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुगल शासक औरंगजेब को महिमामंडित करने के कृत्य को महाराष्ट्र में बर्दाशत नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जांच करके यह पता लगाया जाएगा कि युवकों के एक वर्ग को कौन उकसा रहा है.

फडणवीस औरंगजेब की तस्वीर अहमदनगर में एक जुलूस के दौरान लहराए जाने की घटना तथा कोल्हापुर में कुछ स्थानीय लोगों द्वारा कथित तौर पर टीपू सुल्तान की तस्वीर तथा आपत्तिजनक ऑडियो संदेश सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की घटना की पृष्ठभूमि में बात कर रहे थे. भारतीय जनता पार्टी के नेता ने यह भी दावा किया कि राज्य के कुछ इलाकों में दंगे जैसे हालात पैदा हो रहे है क्योंकि एक खास समुदाय के लोग औरंगजेब को महिमामंडित कर रहे हैं.

उन्होंने कहा, 'कुछ नेता कह रहे थे कि राज्य में दंगे जैसे हालात बन सकते हैं. इन नेताओं की टिप्पणियों की प्रतिक्रिया में खास समुदाय के युवाओं ने औरंगजेब की तस्वीरें लहराईं. उन्होंने औरंगजेब और टीपू सुल्तान को महिमामंडित किया. ये महज इत्तेफाक नहीं हो सकता.' फडणवीस ने कहा, 'क्यों अचानक महाराष्ट्र के कई जिलों में ये तस्वीरें दिखाई गईं? ये आसानी से या अपने आप नहीं होता. और महज इत्तेफाक भी नहीं हो सकता,हमें इस मामले की तह तक जाना चाहिए.'

**क्या बयान और घटनाओं के बीच कोई संबंध है?**

उन्होंने कहा कि उन्हें अचरज हुआ कि कोल्हापुर में विपक्ष के एक मुख्य नेता ने कहा कि उन्हें मालूम हैं कि दंगे होंगे. उप मुख्यमंत्री ने कहा,'उनके बयान के बाद वहां के कुछ युवाओं ने औरंगजेब और टीपू सुल्तान का महिमामंडन किया, और उसके बाद प्रतिक्रिया आई. क्या बयान और घटनाओं के बीच कोई संबंध है? हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि कौन औरंगजेब का महिमामंडन कर रहा है और कौन लोगों को ऐसा करने के लिए उकसा रहा है. जांच पूरी होने के बाद मैं उन चीजों का खुलासा करूंगा.'

**शरद पवार का बिना नाम लिए कहा- सारे नेता एक जैसी भाषा बोल रहे**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को दावा किया शासक राज्य में कानून-व्यवस्था स्थापित करने के लिए जिम्मेदार हैं. अगर सत्ता पक्ष और उनके लोग इसे लेकर सड़कों पर उतर आते हैं तथा दो धर्मों के बीच दरार पैदा करते हैं तो यह शुभ संकेत नहीं है. ' फडणवीस ने किसी का नाम लिए बिना कहा ,'मैं आसानी से देख पा रह हूं कि ये सारे नेता एक जैसी भाषा बोल रहे है. एक खास समुदाय के लोग उनकी मदद कर रहे हैं और औरंगजेब को महिमामंडित कर रहे हैं.

# शौचालय निर्माण को लेकर सांसद गोपाल शेट्टी बैठे धरने पर...



**बोरीवली :** मुंबई के बोरीवली पूर्व शिवाजी नगर में शौचालय को बीएमसी द्वारा तोड़ दिया गया. जिससे वहां पर रहने वाले स्थानिक जनता को शौचालय की समस्या व्याप्त होने लगी. जिसके लिए उत्तर मुंबई के भाजपा सांसद गोपाल शेट्टी ने बीएमसी में भाजपा कार्यकताओं के साथ मोर्चा लिया. इस मौके पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकताओं के साथ स्थानीय जनता भी मौजूद रही. बीएमसी आर मध्य कार्यालय की सहायक आयुक्त संध्या नांदेड़कर से मिलने को लेकर गोपाल शेट्टी ने कहा कि इन भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से टूटे हुए शौचालय का काम बंद पड़ा हुआ है.

लेकिन जब हम मिलने गए तो सहायक आयुक्त मिलने की बजाय, काम का बहाना कर बाहर चली गई. सोचने की बात है कि अगर सांसद को संध्या नादेडकर मिलने का समय नही दे रही है तो यहाँ आम आदमी का क्या मजाल मैडम से मुलाकात कर अपनी समस्या बता सके ।

कई घंटे के धरना देने के बाद बीएमसी द्वारा लिखित पत्र देकर काम को गति देने का आश्वासन दिया गया. यही नहीं गोपाल शेट्टी ने बीएमसी उपायुक्त परिमंडल 7 भाग्यश्री कापसे से सहायक आयुक्त आर मध्य संध्या नांदेडकर को सस्पेंड करने की मांग भी की गई.




# पुनर्विकास की प्रतीक्षा कर रही हैं मिलों की चाल, घर जर्जर में रह रहे हैं नागरिक...!

**मुंबई :** एक समय मुंबई का वैभव मानी जानेवाली मिलों की चाल आज देश के अमृत महोत्सव काल में भी विकास से वंचित रह गई हैं। मुंबई के भायखला, लाल बाग, परेल इन भागों की ११ मिलों की चालें कई वर्षों से पुनर्विकास की प्रतीक्षा कर रही हैं। इन चालों में रहने वाले हजारों नागरिक घर जर्जर होने के कारण अपनी जान जोखिम में डालकर रह रहे हैं, यानी डर के साए में जी रहे हैं। मुंबई में हर बारिश में इमारतें दुर्घटनाग्रस्त होती हैं, जिसमें



अनेक नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। इसलिए सरकार हमारी इमारतें गिरें और नागरिकों की जान जाए, इसकी राह देख रही है क्या? ऐसा सवाल इंडिया यूनाइटेड मिल चाल के नागरिकों ने किया है। मुंबई राष्ट्रीय वस्त्रोद्योग महामंडल (एनटीसी) के नौ मिलों की जमीन पर बसीं ११ चालों की अवस्था अत्यंत दयनीय है। इन दिनों इन चालों में स्लैब गिरने का प्रमाण बढ़ गया है।

१६ जनवरी २०२३ को चाल के पुनर्विकास की योजना राज्य सरकार प्रस्तुत करेगी। केंद्र सरकार इसे तत्काल मंजूरी देगी, ऐसी घोषणा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले दिनों की थी। म्हाडा के मार्फत राज्य सरकार इन चालों का पुनर्विकास करेगी, ऐसा प्रस्ताव राज्य सरकार जल्द ही केंद्र सरकार को देगी, ऐसी जानकारी, गोयल ने दी थी। गोयल के इस आश्वासन से चाल वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। परंतु अब तक प्रक्रिया शुरू न होने से निवासियों में तीव्र नाराजगी है। इस संदर्भ में सरकार क्या भूमिका लेगी, इस ओर सबका ध्यान है।

टाटा मिल, परेल, कोहिनूर मिल, नायगांव, मुंबई टैक्सटाइल मिल, कवाली कंपाउंड, लोअर परेल मुंबई टैक्सटाइल मिल, मारवाड़ी चौक, लोअर परेल मुंबई टैक्सटाइल मिल, पारकर वाड़ी, माहिम श्री मधुसूदन मिल, लोअर परेल दिग्विजय टेक्सटाइल मिल, काला चौकी जाम मिल, लालबाग इंडिया यूनाइटेड मिल, परेल श्री सीतानाम मिल, चिंचपोकली इंडिया यूनाइटेड मिल नंबर ३ काला चौकी।

## रेलवे में सुरक्षा से संबंधित 50,000 से अधिक पद खाली

**मुंबई :** रेलवे यूनियन एनएफआईआर के जनरल सेक्रेटरी एम राघवैाह ने बताया कि रेलवे में सुरक्षा से संबंधित ५०,००० से अधिक पद खाली हैं। कई जगहों पर रेलवे कर्मचारियों को ओवरटाइम करना पड़ रहा है।

भारतीय रेलवे के इन महत्वपूर्ण विभागों में लगातार रिक्तियों का देश के परिवहन नेटवर्क के समग्र कामकाज और दक्षता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। यह न केवल मौजूदा कर्मचारियों पर अतिरिक्त दबाव डालता है, बल्कि यात्रियों को विश्वसनीय और सुरक्षित सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को भी बाधित करता है। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे के जनरल सेक्रेटरी एम राघवैाह ने कर्मचारियों की इस खतरनाक कमी को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग्य उम्मीदवारों को आकर्षित करने के लिए सरकार और रेलवे अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया में तेजी लानी चाहिए और प्रभावी रणनीति लागू करनी चाहिए।

## मनपा प्रशासन बरसात से पहले नालों को साफ करने में नाकाम



**ठाणे :** मनपा प्रशासन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बरसात से पहले नालों को साफ करने में नाकाम साबित हुआ है। मनपा प्रशासन ने दावा किया था कि नाला सफाई ३१ मई तक पूरी हो जाएगी, लेकिन यदि शहर के नालों की सफाई पर नजर डाली जाए तो बुधवार, ३१ मई को डेडलाइन खत्म होने के बाद भी कई जगहों पर नालों की सफाई पूर्ण नहीं हो पाई है। इस संदर्भ में मनपा के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि नाला सफाई समय पर शुरू की गई थी। समय-समय पर कामों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि मनपा प्रशासन की तरफ से हर साल बरसात के पहले नालों की सफाई की जाती है। नालों की सफाई के कार्यों को ९ भागों में बांटा गया है और ९ कार्यों के लिए टेंडर जारी किए गए। मनपा की सीमा में कुल ३०६ नाले हैं, जिसमें १२५ छोटे नाले व शेष बड़े नाले, २ रेलवे पुलिया की सफाई की जा रही है। इन नालों की लंबाई ११७ किमी है। नालों की सफाई के लिए नौ प्रभाग समिति के अंतर्गत नौ कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित की गईं और इसके अनुसार, इन कार्यों को प्रत्येक स्थान पर विभिन्न संस्थाओं को वितरित किया गया है। इस पर ९ करोड़ ९६ लाख ९७ हजार ९४२ रुपए खर्च किया जा रहा है।

ठाणे के झोपड़पट्टी इलाकों खासकर कलवा और मुंब्रा में नालों की साफ-सफाई मुहिम की स्थिति अत्यंत ही भयानक है। नाले में मौजूद कचरे और गंदगी अभी भी उसी स्थिति में पड़े हुए हैं। ऐसे में आम नागरिकों के मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्षेत्र में नालों की सफाई हुई है या नहीं? अधिकारियों ने ठाणे के कुछ प्रमुख नालों और कलवा-पश्चिम में दो साफ किए गए नालों का निरीक्षण किया, जबकि कलवा-पूर्व स्थित कचरे से भरे नालों के दौरे में मनपा आयुक्त को दिखाया ही नहीं गया। इसके अलावा मुंब्रा के कुछ प्रमुख नालों की सफाई नहीं होने से मुंब्रा में जलजमाव की स्थिति देखने को मिल सकती है।

## पत्नी से नाजायज रिश्ते के शक पर अपने दोस्त को उतारा मौत के घाट, हथौड़े से पीट-पीट कर की हत्या




**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिल रही एक सनसनीखेज खबर के अनुसार, यहां मुंबई के कांदिवली में एक 38 वर्षीय युवक को उसी के दोस्त ने मौत के घाट उतार दिया है। दरअसल उसके दोस्त ने उसे लोहे जके हथौड़े से पीट-पीट कर मार डाला है, वह भी इस शक पर कि उसके दोस्त का उसकी पत्नी के साथ नाजायज रिश्ते हैं। वहीं मृतक युवक की पहचान दिनेश प्रजापति के रूप में हुई है। वहीं मामले में चौंकाने वाली बात यह रही कि, आरोपी सुरेश कुमावत ने खुद अपनी पत्नी को दिनेश के मोबाइल से मैसज किया कि, वह आत्महत्या करने जा रहा है, जिससे उन दोनों की सच्चाई न खुले। यही मैसज उसने दिनेश के माता-पिता को भी किया। मिली जानकारी के अनुसार, सुरेश कुमावत को अपनी पत्नी और अपने दोस्त पर शक था कि उनका नाजायज रिश्ता है। इस बात को लेकर दिनेश और सुरेश में अक्सर झगडा होता था। वहीं पुलिस के सामने सुरेश ने कुबूल किया कि उसने दिनेश कि हत्या हथौड़े से पीट-पीट कतर कर दी है। इसके साथ ही उसने म्तुतक दिनेश की लाश को घोडबंदर के पास के जंगल में दफना दिया है। वहीं मामले स्मिता पाटिल, उत्तर-मुंबई पुलिस ने बताया कि, आरोपी की पत्नी से संबंध को लेकर 38 वर्षीय दिनेश प्रजापति को उसके दोस्त सुरेश कुमावत (26 वर्षीय) ने पीट-पीट कर मार डाला। गुमशुदगी का मामला दर्ज होते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी। वहीं पूछताछ में सुरेश का पता चला और पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। सुरेश ने शव को दफनाया था और पीड़ित के माता-पिता को एक वीडियो और संदेश भी भेजा था कि वह (दिनेश प्रजापति) आत्महत्या करने जा रहा है। फिलहाल पुलिस सुरेश को अरेस्ट कर मामले की जांच कर रही है।

## औरंगजेब की तस्वीर लगाने के कारण धधक उठा कोल्हापुर

**कोल्हापुर :** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में कुछ युवकों के स्टेटस पर औरंगजेब की तस्वीर लगाने के कारण कल कोल्हापुर धधक उठा। स्टेटस लगाए जाने के विरोध में और युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर हिंदू संगठनों ने छत्रपति शिवाजी चौक पर धरना प्रदर्शन किया। तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रण में लाने और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी बरसाए। इस घटना के बाद लोगों के बीच चर्चा होने लगी है कि मुंबई मनपा और २०२४ में होनेवाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र को जलाने की साजिश के तहत यह सब किया जा रहा है। मोबाइल पर औरंगजेब का स्टेटस रखने पर कोल्हापुर में हिंदू संगठन आक्रामक हो गए हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों में तोड़फोड़, आगजनी और पथराव की घटनाओं



से तनाव फैल गया है।

स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए खुद पुलिस महानिरीक्षक को सड़कों पर आना पड़ा है। इस घटना के बाद से नागरिक दहशत में हैं। एहतियात के तौर पर इंटरनेट सेवा को कल तक के लिए बंद कर दिया गया है और जिलाधिकारी ने १९ जून तक जिले में प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। नगर में उर्स जुलूस में औरंगजेब का एक पोस्टर दिखाया गया था। कोल्हापुर के लक्ष्मीपुरी इलाके के कुछ कॉलेज छात्रों द्वारा जुलूस का वीडियो अपने मोबाइल फोन पर वायरल किए जाने का मामला मंगलवार को सामने आया था। इसलिए बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद सहित कई हिंदुत्ववादी संगठनों के कार्यकर्ता संबंधितों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए। पुलिस से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लक्ष्मीपुरी, सीपीआर चौक और दसरा चौक इलाकों में प्रदर्शन किए गए। कुछ ठेले और दुकानों में तोड़फोड़ की गई। कुछ घरों और पूजा स्थलों पर भी पथराव किए जाने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। विवादित स्टेटस रखनेवालों के विरोध में और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए हिंदुत्ववादी संगठनों द्वारा कल कोल्हापुर बंद का आह्वान किया गया। इस बंद के दौरान तनाव बढ़ गया।




# ठाणे में करंट लगने से व्यक्ति की मौत...!



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक कार्यक्रम के दौरान करंट लगने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी शामिल हुए थे। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिंदे ने बुधवार को दिवा में कुछ कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था और इन्हीं में से एक कार्यक्रम के दौरान रात करीब पौने नौ बजे यह घटना हुई।

अधिकारी ने कहा कि पीड़ित रामजीवन विश्वकर्मा बिजली के एक तार के संपर्क में आ गया। तार के संपर्क में आने से उसे बिजली का झटका लगा और वह नीचे जमीन पर गिर गया। पुलिस ने बताया कि विश्वकर्मा को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात करीब 12 बजकर पांच मिनट पर उसकी मौत हो गई। दईघर पुलिस ने इस संबंध में दुर्घटनावश मृत्यु का मामला दर्ज किया है।

# संजय राउत का ऐलान! पटना में ही बनेगा 2024 का प्लान, बताया कौन-कौन होगा शामिल?



**मुंबईः** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मिशन 2024' को लेकर समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों को एकजुट करने के प्रयास में लगे हैं. पटना में 23 जून को विपक्षी दलों की बड़ी बैठक प्रस्तावित है, जिसमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के अलावा अन्य कई पार्टियों के प्रमुख नेता शामिल होंगे. इस बीच शिवसेना के नेता संजय राउत ने इस बैठक को लेकर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, 'राहुल गांधी के साथ, हम सब वहां रहेंगे. उद्धव ठाकरे, शरद पवार मेरे साथ जा रहे हैं. देश के सभी प्रमुख नेता (विपक्ष के) वहां जाएंगे और 2024 की योजना बनाएंगे.' पहले यह बैठक 12 जून को प्रस्तावित थी, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की व्यस्तता और राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा के चलते टालनी पड़ी थी.

इससे पहले जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ 7 जून की शाम प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी थी कि कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, और पार्टी नेता राहुल गांधी के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राकांपा प्रमुख व पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भाकपा महासचिव डी. राजा, वरिष्ठ वामपंथी नेता सीताराम येचुरी और दीपांकर भट्टाचार्य ने भी 23 जून को पटना में विपक्षी एकता के लिए होने वाली बैठक में आने की स्वीकृति दी है.

हालांकि, ललन सिंह ने उन अटकलों से संबंधित सवालों को खारिज कर दिया कि कांग्रेस अपने लिए 350 से कम सीटों पर लड़ने के लिए राजी नहीं है. उन्होंने कहा, 'जैसा कि हमारे उपमुख्यमंत्री (तेजस्वी यादव) ने बताया है, देश अघोषित आपातकाल की स्थिति देख रहा है. सभी समान विचारधारा वाले दलों की सर्वोच्च प्राथमिकता देश को भाजपा से छुटकारा दिलाना है.' तेजस्वी हाल में विपक्षी एकता बनाने के प्रयासों के तहत नीतीश कुमार के साथ देश के विभिन्न राज्यों में गए थे. प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तेजस्वी यादव ने संतोष व्यक्त किया कि विभिन्न दल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आग्रह करने पर इस बात पर सहमत हुए हैं कि संबंधित राजनीतिक समूहों के प्रमुख बैठक में भाग लेंगे.

राजद नेता ने कहा, 'विपक्षी एकता हमारे मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद का सपना है.

# सरकार की ओर से जाति और धर्म के नाम पर समाज में फूट डालने की साजिश - पवार




**मुंबईः** देश कठिन परिस्थिति की ओर जा रहा है। सरकार की ओर से जाति और धर्म के नाम पर समाज में फूट डालने की साजिश शुरू है, ऐसा जोरदार आरोप राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने भाजपा सरकार पर लगाया है। उन्होंने कहा कि देश, समाज को एकजुट रखने की भूमिका लेकर कार्य करने के पीछे जनशक्ति खड़ा करने की आवश्यकता है।

महात्मा गांधी मिशन के आइंस्टाइन सभागृह में मंगलवार को देर शाम सामाजिक और धार्मिक सौहार्द परिषद का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने उक्त बातें कहीं। देश में वर्तमान समय में मुस्लिम और क्रिश्चियन समाज के साथ होनेवाले व्यवहार चिंताजनक हैं। उन पर हमले हो रहे हैं, ऐसा उल्लेख करते हुए शरद पवार ने आगे कहा कि मणिपुर में विशिष्ट समाज पर हमले हो रहे हैं। ईसाई समाज शांत समाज है। मुस्लिम समाज में दो-चार लोगों से गलती हो सकती है, ऐसे ही हिंदू समाज में भी हो सकती है। मुस्लिम समाज की संख्या नजरअंदाज करने जैसी नहीं है। यह समाज पीछे है, इस दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। परंतु कुछ लोग इसे मुद्दा बनाकर अलग दृष्टि से देखते हैं, जिसे बदलने की आवश्यकता है। किराड़पुण्या में जो दंगा हुआ, वह शिंदे गुट, भाजपा और एमआईएम ने मिलकर किया है। दंगा रोकने के लिए पुलिस से जो अपेक्षित कार्रवाई की उम्मीद थी, वह पुलिस ने नहीं की, ऐसा राकांपा प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद किरमानी ने कहा।

# मुंबई और गोवा की ओर बढ़ रहा है 'बिपोरजॉय', क्या बीएमसी है तैयार?



**मुंबई :** अरब सागर के ऊपर मौसम प्रणाली के गहरे दबाव या चक्रवात में तब्दील होने की संभावना को देखते हुए बीएमसी ने 'बिपोरजॉय' के संभावित प्रभावों के लिए खुद को तैयार कर लिया है. निकाय संस्था ने जलभराव वाले स्थानों पर पंपिंग उपकरण और कर्मचारियों की व्यवस्था की है. इसने गिरने वाले पेड़ों और शाखाओं की देखभाल करने और इन्हें हटाने में अग्निशमन दल को सहायता प्रदान करने के लिए मशीनरी भी लगाई है. बस्तियों में पानी घुसने की आशंका को देखते हुए बीएमसी ने वार्ड स्तर पर टीमों का गठन किया गया है जो नागरिकों को अस्थाई आश्रय स्थलों की जानकारी देंगी.

रिसर्च दिखाते हैं कि केरल में मानसून के देरी से आने से यह जरूरी नहीं है कि उत्तर पश्चिमी भारत में भी मानसून की आवक में देरी हो. हालांकि, केरल में मानसून की देर से दस्तक को दक्षिणी राज्यों और मुंबई में मानसून आने में देरी से जोड़ा जा सकता है.

अरब सागर में इस साल आया पहला चक्रवाती तूफान 'बिपोरजॉय' तेजी से गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है. इससे केरल में मानसून की 'धीमी' शुरूआत होने और इसके दक्षिणी प्रायद्वीप के आगे 'कमजोर' प्रगति करने का पूर्वानुमान है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार सुबह कहा कि केरल में दो दिन के भीतर मानसून शुरू होने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं. हालांकि, मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 'बिपोरजॉय' चक्रवाती तूफान मानसून की तीव्रता को प्रभावित कर रहा है और केरल के ऊपर इसकी शुरूआत 'हल्की' रहेगी.

# महिला की हत्या, उसके शव के टुकड़े किए जाने की घटना भयावह: सुप्रिया सुले

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मीरा भायंदर इलाके में एक महिला के शव के टुकड़े पाए जाने की घटना को बृहस्पतिवार को ''बेहद भयावह और क्रूरतापूर्णबताया है और आरोप लगाया कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध में इजाफा हुआ है क्योंकि अपराधियों को कानून का कोई खौफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास गृह विभाग है और उन्हें अपने विभाग पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने हालांकि यह कहकर पलटवार किया कि फडणवीस मीरा भायंदर मामले में कार्रवाई करने में सक्षम हैं। पुलिस ने बताया कि ठाणे के मीरा भायंदर इलाके में एक इमारत के सातवें तल पर एक फ्लैट में 36 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ जिसके कई टुकड़े किए गए थे।

उन्होंने बताया कि पीड़िता सरस्वती वैद्य मनोज साहनी (56) नामक व्यक्ति के साथ 'लिव-इन में रहती थी और यह युगल पिछले तीन साल से इस फ्लैट में रह रहा था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। राकांपा सांसद सुले ने ट्वीट किया, ''मीरा रोड इलाके में एक महिला की



उसके लिव-इन पार्टनर ने हत्या कर दी। आरोपी ने महिला के शव के टुकड़े कर उसे ठिकाने लगाने की कोशिश की। आरोपी ने महिला के शव के टुकड़े कर उन्हें मिक्सर में पीसा और प्रेशर कुकर में उबाला। यह घटना अत्यंत भयावह, अमानवीय और वीभत्स है।

उन्होंने अपने ट्वीट में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को टैग करते हुए लिखा, ''अपराधियों को कानून के शासन का डर नहीं है और इसलिए महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ गए हैं। राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस को अपने विभाग पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। आरोपी के खिलाफ त्वरित अदालत में मुकदमा चलना चाहिए और उसे मृत्युदंड मिलना चाहिए इस बीच, महाराष्ट्र भाजपा की महिला शाखा की प्रमुख चित्रा वाग ने सुले पर निशाना साधते हुए कहा कि वह घड़ियाली आंसू बहा रही हैं।

उन्होंने कहा, ''फडणवीस मीरा भायंदर मामले में कार्रवाई करने में सक्षम हैं। लेकिन जब महा विकास आघाड़ी के नेतृत्व वाली सरकार थी तब आपको नहीं लगा था कि पुणे जिले के मंचार इलाके में एक मुस्लिम लड़के द्वारा एक नाबालिग लड़की को अगवा किए जाने के बारे में भी आपको बोलना चाहिए था, जिसका ढाई साल तक पता नहीं चल पाया। अगर एमवीए सरकार ने दखल दिया होता तो श्रद्धा वालकर को टुकड़ों में नहीं काटा जाता। वाग ने आरोप लगाते हुए कहा, ''आप जिस तरह से रंग बदलती हैं उसे देखकर कोई गिरगिट भी शर्मा जाएगा।

श्रद्धा वालकर की पिछले साल 18 मई को उसके लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने कथित रूप से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने शव के कई टुकड़े कर उन्हें दक्षिण दिल्ली के महरौली स्थित अपने आवास में करीब तीन सप्ताह तक रेफ्रीजरेटर में रखा था और धीरे धीरे उन्हें ठिकाने लगाया था।

# शिंदे, फडणवीस सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल: पटोले




**मुंबई** : महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को कहा कि राज्य में धोखाधड़ी से सत्ता में आई, शिंदे-फडणवीस सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल रही है। श्री पटोले ने कहा कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने सवाल किया कि यह कैसे हो सकता है कि जब श्री देवेन्द्र फडणवीस के पास गृहमंत्रालय तो धर्मांध ताकतों को बढ़ावा दिया जा रहा है।एमपीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि पिछले महीने राज्य में दंगे कराने की पहली कोशिश विफल होने के बाद, अब वे फिर से औरंगजेब के मुद्दे को सामने लाकर अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई जैसे सुरक्षित शहर में छात्रावास में एक छात्रा की टॉर्चर करके हत्या करने की बात सामने आई है। प्रदेश में ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि राज्य में पुलिस का नहीं बल्कि सामाजिक कुरीतियों और अपराधियों का शासन है। श्री पटोले ने मांग की है कि श्री फडणवीस का अब गृह मंत्रालय और पुलिस पर नियंत्रण नहीं रह गया है, इसलिए मुख्यमंत्री शिंदे को इस्तीफा लेकर एक सक्षम गृहमंत्री नियुक्त करना चाहिए। श्री पटोले ने राज्य में कानून व्यवस्था की समीक्षा की और कहा कि इस सरकार के दौरान औरंगजेब का महिमामंडन किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि औरंगजेब के गुण्डे अभी-अभी छेद से कैसे निकले? राज्य में हर दिन दंगे हो रहे हैं। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री क्या कर रहे हैं? श्री पटोले ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने वास्तव में कहा है कि शिंदे फडणवीस सरकार बेकार है। उन्होंने कहा कि संभाजीनगर, अहमदनगर, शेवगांव, अमरावती, नासिक में पिछले महीने धार्मिक मुद्दों को हवा देकर राज्य में दंगे कराने का प्रयास किया गया था लेकिन यह प्रयास विफल रहा, क्योंकि लोगों ने सुलह का रुख अपनाया।

# 2024 तक नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट, सीएम, डीसीएम ने हेलीकॉप्टर से किया निरीक्षण...



**नवी मुंबई** : नवी मुंबई में निमार्णाधीन देश का अत्याधुनिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट 2024 तक तैयार हो जाएगा। देश और राज्य के लिए महत्वपूर्ण इस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को समय शुरू किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। यह जानकारी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दी। बुधवार को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट निर्माण स्थल का दौरा कर कार्य का निरीक्षण किया। अडानी समूह की ओर से बनाए जा रहे इस ग्रीन एयरपोर्ट का हेलीकॉप्टर से निरीक्षण के बाद सीएम शिंदे ने कहा कि नवी मुंबई एयरपोर्ट पुणे, मुंबई, गोवा के लिए अहम है। इसका काम बहुत तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एयरपोर्ट के निर्माण में आ रही दिक्कतों को तत्काल दूर किया जाए ताकि 2024 में यात्री यातायात शुरू हो सके। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह हवाईअड्डा देश का अनूठा मल्टी मॉडल एयरपोर्ट होगा। इस एयरपोर्ट से एमटीएचएल, कोस्टल रोड, मेट्रो सभी यातायात के साधन जुड़ेंगे। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से जुड़ने वाला 22 किमी का मुंबई ट्रांस हार्बर सिलिंक एक महत्वपूर्ण कड़ी होगा। हर साल 9 करोड़ यात्रियों के आवागमन की क्षमता होगी। इसकी क्षमता बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर अनुमति देने का काम चल रहा है। पहले चरण में चार टर्मिनल हैं और इसमें 42 विमान आ सकेंगे। 5500 क्षमता की कार पार्किंग होगी। हवाई अड्डा 11.4 वर्ग किमी के क्षेत्र में है और इसमें दो रनवे होंगे। निरीक्षण के दौरान सीएम डीसीएम के साथ सांसद श्रीकांत शिंदे, श्रीरंग बारने, उदय सामंत, महेश बाल्दी, एमएमआरडीए कमिश्नर डॉ. संजय मुखर्जी, संभागायुक्त डॉ. महेंद्र कल्याणकर, सिडको के एमडी अनिल दिग्गीकर आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# अपार्टमेंट में फांसी के फंदे से लटकी मिली महिला की लाश



**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे शहर में बृहस्पतिवार सुबह एक अपार्टमेंट में 30 वर्षीय महिला फांसी के फंदे से लटकी मिली। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, पुलिस ने कहा कि उसे अंदेशा है कि यह आत्महत्या का मामला है, लेकिन अभी उसने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है। ठाणे नगर निगम के आपदा नियंत्रण अधिकारी यासिन तडवी ने कहा कि महिला विवाहित थी और उसके कुछ पड़ोसियों ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे वर्तक नगर इलाके में स्थित इमारत के प्रथम तल पर स्थित फ्लैट में उसका शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। तडवी ने बताया कि स्थानीय दमकलकर्मी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा महिला को उसके फ्लैट में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया। ताडवी ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# आर्यन खान ड्रग केस:

## समीर वानखेडे को राहत गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक 23जून तक बढ़ाई



**मुंबई** : बंबई उच्च न्यायालय ने उगाही और रिश्वत के एक मामले में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (ठउइ) के मुंबई जोन के पूर्व निदेशक समीर वानखेडे की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक की अवधि को 23 जून तक के लिए बढ़ा दिया। वानखेडे के खिलाफ यह मामला केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने दर्ज किया है। मामले के अनुसार वानखेडे तथा चार अन्य आरोपियों ने अक्टूबर 2021 को क्रूज पोत में कथित तौर पर मादक पदार्थ बरामद होने के मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को नहीं फंसाने के एवज में अभिनेता से 25 करोड़ रुपए रिश्वत के तौर पर मांगे थे। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति एस जी दीगे की खंडपीठ ने कहा कि वह सीबीआई की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी को खारिज करने संबंधी वानखेडे की याचिका पर 23 जून को सुनवाई करेगी। वानखेडे के वकील आबाद पोंडा ने अदालत को बताया कि अदालत के पूर्व के निदेशों के अनुसार भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी सीबीआई के समक्ष सात बार पेश हुए हैं और जांच में सहयोग कर रहे हैं। सीबीआई के वकील कुलदीप पाटिल ने अदालत को बताया कि मामले में जांच अब अहम चरण में हैं।

पीठ ने कहा कि वह वानखेडे की याचिका पर 23 जून को सुनवाई करेगी। वानखेडे ने मामले को रद्द करने के अनुरोध संबंधी याचिका पिछले महीने उच्च न्यायालय में दाखिल की थी और किसी भी कठोर कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण की भी मांग की थी। उच्च न्यायालय की एक अवकाश पीठ ने तब वानखेडे को आठ जून तक गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया और उन्हें जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया था।

सीबीआई ने पिछले सप्ताह एक हलफनामा दाखिल करके अंतरिम संरक्षण को वापस लेने का अनुरोध किया था । आर्यन को तीन अक्टूबर 2021 को कॉर्डेलिया क्रूज जहाज पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, आर्यन पर लगे आरोपों को सही साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य पेश करने में मादक पदार्थ रोधी एजेंसी के नाकाम रहने पर बंबई उच्च न्यायालय ने उन्हें तीन हफ्ते बाद जमानत दे दी थी।

# मकोका कोर्ट ने हत्या के मामले में 4 लोगों को सुनाई उम्रकैद की सजा



**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक अदालत ने दो लोगों की हत्या करने और कीमती सामान लूटने के मामले में चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला 13 साल पुराना है। विशेष न्यायाधीश (मकोका) अमित एम. शेटे ने बुधवार को यह फैसला सुनाया और चारों दोषियों में से प्रत्येक पर 11.05 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। चारों मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के रहने वाले हैं। विशेष लोक अभियोजक संगीता ने अदालत को बताया कि इन चारों ने 16 फरवरी 2010 को बोईसर में देशी शराब के एक ह्यबार में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे उसके मालिक और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने वहां से 1.69 लाख रुपये से अधिक का सामान भी लूट लिया था।

बचाव पक्ष के वकील ने अनुरोध किया कि चारों दोषियों को सजा देने में नरमी बरती जाए क्योंकि वे दस साल से अधिक समय जेल में बिता चुके हैं। यह तर्क अदालत ने खारिज कर दिया और अभियोजन पक्ष की दलील स्वीकार कर ली। अभियोजन पक्ष ने कहा था कि चारों ने दोनों व्यक्तियों की निर्ममता से हत्या की और वह भी खतरनाक हथियारों से।

अपने फैसले में न्यायाधीश ने कहा, ह्यह्य आरोपियों ने लूट, डकैती के अलावा हत्या के साथ डकैती जैसे कई अपराधों को अंजाम दिया है। अदालत ने कहा कि चारों को भारतीय दंड संहिता की धारा 396 (डकैती के दौरान हत्या) और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धारा तीन (संगठित अपराध) के तहत उम्रकैद की सजा दी जाती है। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि दोषियों द्वारा अदालत में जमा की जाने वाली जुमार्ने की राशि से ढाई-ढाई लाख रुपये मृतकों के परिजन को दिए जाएं।




# नरेन्द्र मोदी के सफलतम 9 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी व्दारा पूरे देश में 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान

**नर्मदापुरम।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सफलतम 9 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी व्दारा पूरे देश में 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से मोदी सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। नर्मदापुरम संभाग प्रभारी श्री पंकज जोशी, जिला प्रभारी श्रीमती सीमा सिंह, सांसद श्री राव उदय प्रतापसिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री माधवदास अग्रवाल, लोकसभा प्रभारी श्री संपंत मूंदड़ा, अभियान जिला प्रभारी श्री संदेश पुरोहित, सह प्रभारी श्री शैलेन्द्र दीक्षित ने भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे है जो इस प्रकार है-

14 जून को विशाल जनसभा कार्यक्रम के संयोजक प्रेमशंकर वर्मा विधायक सिवनी मालवा, प्रभारी रीतेश जैन, सह प्रभारी मृगेन्द्र मण्डलोई को बनाया गया है। वहीं 21 जून योग दिवस कार्यक्रम एवं सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर मीट के संयोजक लोकेश तिवारी एवं दिनेश शर्मा, सह संयोजक प्रांशु राने, प्रभारी सुनील राठौर, श्रीमती प्रीति शुक्ला, श्रीमती अर्चना पुरोहित, सह प्रभारी श्रीमती वंदना दुबे गजेन्द्र सिंह चौहान सह प्रभारी राहुल पटवा राहुल ठाकुर को बनाया गया है। 22 जून विकास तीर्थ कार्यक्रम जिले की चारों विधानसभाओं पर आयोजित किए जाएंगे जिसमें विधायकगण डॉ. सीतासरन शर्मा, प्रेमशंकर वर्मा, ठा. विजयपाल सिंह,



ठाकुरदास नागवंशी कार्यक्रम के इंचार्ज रहेंगे वहीं सिवनी मालवा विधानसभा संयोजक अनिल बुन्देला, रीतेश जैन, नर्मदापुरम विधानसभा संयोजक प्रसन्ना हर्णे, श्री पंकज चौरे, श्री महेन्द्र यादव, श्री भूपेन्द्र चौकसे, सोहागपुर विधानसभा संयोजक श्री आकाश रघुवंशी, श्री निखिलेश चतुर्वेदी, श्रीमती रीना आकाश तिवारी, श्रीमती लता यशवंत पटैल, पिपरिया विधानसभा संयोजक श्री गोपालदास दूदानी, श्री नवनीत नागपाल, श्री कमल धूत को बनाया गया है। घर-घर जनसंपर्क अभियान 20 जून से 30 जून तक चलाया जाएगा जिसके सिवनी मालवा विधानसभा प्रभारी श्री राममोहन राजपूत नर्मदापुरम विधानसभा प्रभारी श्री पीयूष शर्मा, सोहागपुर विधानसभा प्रभारी श्री आशुतोष तिवारी, पिपरिया विधानसभा प्रभारी श्री नवनीत नागपाल को बनाया गया है। प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सीतासरन शर्मा, श्री राजकुमार खण्डेलवाल को प्रभारी एवं श्री महेन्द्र यादव को सह प्रभारी बनाया गया है।

लाभार्थी सम्मेलन 30 मई से 30 जून के बीच आयोजित किये जाएगें जिसके नर्मदापुरम विधानसभा प्रभारी श्री पंकज चौरे, सह प्रभारी श्री महेन्द्र यादव, श्री भूपेन्द्र चौकसे, सिवनी मालवा विधानसभा प्रभारी श्री रिन्कू जैन, सह प्रभारी श्री मृगेन्द्र मण्डलोई, सोहागपुर विधानसभा प्रभारी श्रीमती रीना आकाश तिवारी, सह प्रभारी श्रीमती लता यशवंत पटैल, श्री जालम सिंह पटैल, पिपरिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती नीना नवनीत नागपाल, सह प्रभारी श्री हरीश मालानी, संध्या सिंगारे बनाये गये है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक 5 जून से 15 जून तक चारो विधानसभाओं पर आयोजित की जाएगी जिसके सिवनी मालवा विधानसभा प्रभारी श्री रघुवीर सिंह राजपूत, सह प्रभारी श्री वीरेन्द्र मिश्रा, नर्मदापुरम विधानसभा प्रभारी श्री हंस राय, सह प्रभारी श्री कल्पेश अग्रवाल, सोहागपुर विधानसभा प्रभारी श्री आशुतोषशरण तिवारी, सह प्रभारी श्री आकाश रघुवंशी, पिपरिया विधानसभा प्रभारी श्री गिरधर मह्ल, सह प्रभारी श्री पुरूषोत्तम रघुवंशी को बनाया गया है। संयुक्त मोर्चा सम्मेलन 30 मई से 30 जून के बीच आयोजित किये जाऐंगे इस कार्यक्रम के लिये सिवनी मालवा विधानसभा सम्मेलन प्रभारी श्रीमती प्रीति शुक्ला, सह प्रभारी श्री योगेन्द्र राजपूत, नर्मदापुरम विधानसभा प्रभारी श्री मुकेश चंद्र मैना, सह प्रभारी श्री जयकिशोर चौधरी, सोहागपुर विधानसभा प्रभारी श्री निखिलेश चतुर्वेदी, सह प्रभारी श्री उमेश पटेल, पिपरिया विधानसभा प्रभारी श्री गोपालदास दूदानी, सह प्रभारी श्री राजीव जायसवाल को बनाया गया है।

## नेपाल और पाकिस्तान के बाद संसद में अखंड भारत के नक्शे पर बांग्लादेश भी भड़का

**नई दिल्ली।** भारत की नई संसद में बने भित्ति चित्र पर आपत्ति उठाने वाले देशों में बांग्लादेश भी शामिल हो गया है। इस संबंध में बांग्लादेश अब भारत सरकार से 'सफाई' मांगने की भी तैयारी कर रहा है। इससे पहले पाकिस्तान और नेपाल भी चित्र पर सवाल उठा चुके हैं। नेपाल ने 'अखंड भारत' दिखाते चित्र को लेकर पड़ोसी देशों में विवाद होने की चेतावनी भी दी थी। सोमवार को ढाका में विदेश राज्य मंत्री शहरयार आलम ने कहा कि



भित्ति चित्र का राजनीति से कोई लेनादेना नहीं है। साथ ही उन्होंने नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग से भारतीय विदेश मंत्रालय से बात करने और आधिकारिक स्पष्टिकरण लेने के लिए कहा है। इधर, भारत सरकार इसे चित्र को अशोक साम्राज्य से जुड़ा बता रही है। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आलम ने कहा, इसपर संदेह का कोई कारण नहीं है। हालांकि, हमने चीजें स्पष्ट करने के लिए दिल्ली में मिशन से भारतीय विदेश मंत्रालय से बात करने के लिए कहा है, ताकि पता लग सके कि उनका आधिकारिक स्पष्टिकरण क्या है। फिलहाल, भारत और बांग्लादेश उच्चायोग की तरफ से इसे लेकर अब तक कुछ नहीं कहा गया है। हालांकि, जल्दी बांग्लादेश इस मुद्दे को भारतीय अधिकारियों के सामने उठा सकता है।

## अमेरिका के लिए निकले इंडियन पैसेंजर्स रूस में फंसे

**खाने-पीने की दिक्कत, जमीन में सोना पड़ रहा, आज भारत से एक विमान रवाना**

**नई दिल्ली।** दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खामी आने के बाद उसकी रूस के एक ग्रामीण इलाके में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी। यह विमान मंगलवार को लैंड हुआ था और अब तक रवाना नहीं हो पाया है। इसके चलते 230 यात्री बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। हालात यह हैं कि लोगों को खाने की किल्लत है तो बुजुर्गों और बीमारों के लिए दवाई का भी संकट है। यही नहीं एक-एक कमरे में 20-20 लोग जमीन पर ही लेटे हुए हैं। किसी तरह समय काट रहे हैं, लेकिन 18 घंटे होने के बाद भी विमान कब रवाना होगा इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

इस बीच एयर इंडिया का बयान सामने आया है, जिसमें उसने कहा है कि एक वैकल्पिक फ्लाइट को रूस रवाना किया जा रहा है। इस



विमान में उन सभी फंसे हुए यात्रियों को सवार किया जाएगा और फिर उन्हें अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को भेजा जाएगा, जहां वे जाने वाले थे। इस फ्लाइट में खाने की चीजें होंगी और अन्य जरूरी चीजें भी दी जाएंगी। इस बीच अमेरिका का बयान आया है कि उसकी हालात पर नजर है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, हमें पता चला है कि अमेरिका आ रहे विमान की रूस में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है।

## ओडिशा ट्रेन हादसा, लाशों के बीच पड़ा रहा जिंदा शख्स

**लोगों ने मरा समझकर मुर्दाघर में रखा, होश आया तो हाथ हिलाकर बताया- जिंदा हूं**

**कोलकाता।** 2 जून को शाम 7 बजकर 10 मिनट पर ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनें एक-दूसरे से टकराईं, जिसमें 275 लोगों की मौत हो गई। एक हजार से ज्यादा घायल हुए। हालांकि अब दो-ढाई सौ के आसपास घायलों का इलाज चल रहा है। बाकी घर जा चुके हैं। हालात धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही है। 6 जून को ओडिशा के चीफ सेक्रेटरी ने बताया कि अभी भी 100 से ज्यादा लाशों की पहचान बाकी है। लोग अभी भी लाशों के ढेर के बीच अपनों को ढूंढ रहे हैं। घटना के 5 दिन बाद एक शख्स को अपने भतीजे का शव




मिला। वह उसे ले नहीं जा सका, क्योंकि डेड बॉडी पर पांच और लोग दावा कर रहे हैं। अब इस बॉडी का ष्ठ्व टेस्ट किया जाएगा। तब जाकर उसे सौंपा जाएगा। ऐसा ही किस्सा एक पिता का है, जिसके बेटे को मरा समझकर उसके ऊपर लाशों का ढेर लगा दिया गया।

# बोरवेल में फंसी बच्ची को निकालने में जुटी सेना

## रस्सी और रॉड की मदद से रेस्क्यू की कोशिश, दिल्ली-राजस्थान से विशेषज्ञ, महाराष्ट्र से बुलवाया रोबोट

**सीहोर।** सीहोर के मुंगावली गांव में तीन साल की बच्ची सृष्टि के 300 फीट गहरे बोरवेल में गिरे अब 30 से ज्यादा घंटे हो गए है, लेकिन अब तक उसका रेस्क्यू नहीं हो पाया है। हालांकि बुधवार दोपहर को आर्मी ने मोर्चा संभाल लिया है। जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने बताया कि दिल्ली और राजस्थान से विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया है। वह गुरुवार सुबह यहां पहुंचेंगे।

बच्ची 100 फीट की गहराई पर फंसी है। जबकि बोर के पैरेलल अब तक 35 फीट तक ही खुदाई हो पाई है। चट्टानों के कारण खुदाई में दिक्कतें आ रही हैं। वहीं सेना ने अपने स्तर पर बोर में रस्सी और रॉड डालकर बच्ची को बाहर निकालने की कोशिश की है। बच्ची के कपड़े फटने से ये कोशिश नाकाम रही। सेना के जवान फिर से ऐसी ही कोशिश में जुटे है। मौके पर डॉक्टर्स के साथ एंबुलेंस मौजूद है।




### 29 फीट पर फंसी थी, 100 पर पहुंच गई

सृष्टि नाम की 3 साल की ये बच्ची मंगलवार दोपहर करीब एक बचे खेलते-खेलते खेत में बने बोलवेल में गिर गई थी। वह 29 फीट की गहराई पर अटक गई। जानकारी मिलने पर मौके पर प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमें पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बोरवेल के पैरेलल खुदाई की गई।

### रेस्क्यू के लिए महाराष्ट्र से मंगवाया रोबोट

सांसद प्रज्ञा ठाकुर मौके पर पहुंची। उन्होंने कहा- मैंने बोरवेल में झांककर देखा, लेकिन अंधेरा होने से बच्ची नजर नहीं आई। खुदाई के लिए मशीनें बढ़ा दी गई हैं। प्रशासन ने बताया कि महाराष्ट्र से एक रोबोट मंगाया जा रहा है, जिसकी मदद से बच्ची को बाहर निकाला जाएगा। जिसने यह लापरवाही की है, उसे कठोर सजा मिले। उसने बोर को खुला छोड़ा, जिससे हमारी बच्ची उसमें गिर गई। मैं यह कहती हूं कि यदि अब खुले बोरवेल मिले तो सख्त कार्रवाई के साथ जुर्माना लगाया जाएगा।

### गृहमंत्री बोले- जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, ऐसे मामलों में हर बार कार्रवाई की जाती है और इस बार भी की जाएगी। प्रशासन लगातार रात भर जागकर रेस्क्यू में लगा है। चूंकि बोरिंग चट्?टानों के बीच है, इसलिए मुश्किलें आ रही हैं। होमगार्ड, ह्ष्ठक्रस्न, स्ष्ठक्रस्न के जवान वहां मौजूद हैं। दिक्कत तब आती है जब ड्रिलिंग की जाती है, बच्ची नीचे सरक रही है। लगातार युद्ध स्तर पर प्रयास जारी है। मुख्यमंत्री स्वयं निगाह बनाए हुए हैं।




# किआरा आडवाणी की सत्यप्रेम की कथा का ट्रेलर रिलीज, पति सिद्धार्थ ने की तारीफ



**सिद्धार्थ** मल्होत्रा शांत नहीं रह सकते हैं और अपनी आगामी संगीतमय रोमांटिक गाथा सत्यप्रेम की कथा का ट्रेलर जारी होने के बाद कथा उर्फ किआरा आडवाणी से मिलना चाहते हैं। इंस्टाग्राम स्टोरी पर मिशन मजनू अभिनेता ने अपनी पत्नी किआरा के पोस्ट को साझा किया और इसे कैप्शन दिया, ''ट्रेलर प्यारा लग रहा है। कथा से मिलने का इंतजार नहीं कर सकता। आपको और टीम को शुभकामनाएं सत्यप्रेम की कथा और किआरा ने सोशल मीडिया पर मजाक जारी रखा और सिद्धार्थ के पोस्ट को फिर से साझा किया और लिखा, ''धन्यवाद बेब'' दिल और चुंबन चेहरे इमोजीस के साथ। कार्तिक ने इंस्टा पर लिया और सोमवार को ट्रेलर वीडियो के साथ प्रशंसकों का इलाज किया और इसे कैप्शन दिया, शायद मैं इस दुनिया में आपको प्यार करने के अलावा कुछ भी करने नहीं आया। सत्यप्रेम की कथा ट्रेलर अब बाहर है। ट्रेलर हमें कार्तिक को सत्यप्रेम और किआरा को कथा के रूप में पेश करता है। कार्तिक किआरा को शादी के लिए प्रेरित करता है और उसे प्रभावित करने की कोशिश करता है। दोनों की शादी हो जाती है। उसके बाद किआरा और कार्तिक को साथ में कई मुश्किल अनुभव हुए हैं। वीडियो में गाने की झलक भी दिखाई गई है। फिल्म में शादी के बाद के प्यार को दिखाया गया है। हाल ही में, फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म नसीब से के पहले ट्रैक का अनावरण किया, जिसे प्रशंसकों से भारी प्रतिक्रियाएं मिलीं। पायल देव द्वारा रचित, गाने को पायल देव और विशाल मिश्रा ने खूबसूरती से गाया है। गाने के बोल अट ने दिए हैं। तुराज। मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य और गाने की धुन बिल्कुल मनमोहक है। गाने ने कार्तिक और किआरा की केमिस्ट्री को खूबसूरती से दिखाया क्योंकि वे लंबे समय के बाद प्यार के मौसम को सिनेमाघरों में वापस लाए।



# टाइगर श्रॉफ : फिल्म गणपत की शूटिंग शुरू

**टाइगर** श्रॉफ और कृति सेनॉन की फिल्म गणपत का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ महीनों पहले इस मूवी का एक टीजर आउट हुआ था, जिसमें टाइगर श्रॉफ एक्शन मोड में नजर आ रहे थे। मालूम हो कि इस फिल्म को मेकर्स ने 2 भागों में बनाने का फैसला किया है जिसका पहला पार्ट इसी साल दशहरा के मौके पर रिलीज होने वाला है। जैकी भगनानी द्वारा निर्मित गणपत की शूटिंग ज्यादातार यूके में की गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब खबर ये आ रही है कि टाइगर श्रॉफ इस महीने फिल्म गणपत की शूटिंग फिर से करने वाले हैं।

पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर श्रॉफ फिल्म गणपत की शूटिंग मुंबई में अगले हफ्ते शुरू करने वाले हैं। यह एक छोटा सा शेड्यूल होगा, जिसके बाद एक और शेड्यूल होगा, जहां वे कुछ गाने के सीक्वेंस शूट करेंगे। वहीं गणपत के डायरेक्टर विकास बहल ने फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम करना शुरू कर दिया है। मालूम हो कि गणपत में एक बार फिर से टाइगर श्रॉफ और कृति सेनॉन की जोड़ी नजर आने वाली हैं। कृति सेनॉन ने पिंकविला से बातचीत में बताया था कि वो टाइगर श्रॉफ के साथ काम करने के लिए वो काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं।

बताते चलें कि कृति सेनॉन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म आदिपुरुष की वजह से चर्चा में हैं। इस मूवी में वो माता सिता का किरदार निभा रही हैं। वहीं प्रभास भगवान राम के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म 16 जून को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। पूरी देश की नजर प्रभास और कृति सेनॉन की आदिपुरुष पर ही टिकी हुई है। वहीं टाइगर श्रॉफ भी जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आएंगे। इस मूवी को फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अक्षय कुमार के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए टाइगर श्रॉफ बिल्कुल तैयार हैं।

# क्या शुभमन गिल से शादी करेंगी सारा? बताया कैसा पार्टनर चाहिए

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों अपनी फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' की सफतला को एन्जॉय कर रही हैं. वहीं एक्ट्रेस अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं. हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सारा( से उनकी शादी को लेकर तरह तरह के सवाल किए गए. एक न्यूज पोर्टल को दिए इंटरव्यू में सारा से पूछा गया कि क्या वह अपनी दादी शर्मिला टैगोर के नक्शेकदम पर चलेंगी और एक क्रिकेटर से शादी करेंगी. इस बात का जवाब सारा ने बहुत ही दिलचस्प अंदाज में दिया, एक्ट्रेस ने कहा कि उनके लिए प्रोफेशन कोई मायने नहीं रखता.

उनके अनुसार उनका पति ऐसा होना चाहिए था, जिससे उनकी सोच मेंटल और इंटिलेक्चुअल दोनों लेवल पर मैच करती हो. यह पूछे जाने पर कि क्या वह खुद को मौजूदा भारतीय टीम के किसी खिलाड़ी के साथ डेट करते हुए देखती हैं, सारा ने स्वीकार किया कि उन्हें लगता है कि उन्हें अभी तक कोई ऐसा नहीं मिला, जिसके साथ वह घर बसाना चाहती हैं. इंटरव्यू में, सारा ने अपने पार्टनर की तलाश के बारे में बात की. उनके अनुसार, वह एक ऐसा इंसान होना चाहिए जो 'जरा हटके' और 'जरा बचके' दोनों हो. वहीं एक समय में सारा और क्रिकेटर शुभमन गिल के डेटिंग की अफवाह चर्चा में थी, क्योंकि दोनों को कई मौकों पर एक साथ डिनर करते हुए देखा गया था. हालांकि, उनके ब्रेकअप की अफवाहों ने भी तब सुर्खियां बटोरीं जब सारा और शुभमन को एक दूसरे को अनफॉलो कर दिया. इससे पहले, एक्ट्रेस अपने 'लव आज कल' के को स्टार कार्तिक आर्यन के साथ रिलेशशिप में थीं. हालांकि उनके ब्रेकअप की वजह अभी पूरी तरह से सामने नहीं आई हैं. फिलहाल सारा और विक्की स्टारर फिल्म ने 28 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है.



मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .